एमएसएमई के लिए डिजिटल समर्थकार (एनबलर्स)

- सिडबी एमएसएमई के अनेक पारितंत्र समाधानों के सशक्तीकरण के लिए डिजिटल समाधान उपलब्ध करा रहा है। बैंक की विभिन्न पारितंत्र संबंधी डिजिटल प्रयासों में से कुछेक का विवरण नीचे दिया गया है :



A. स्टैंडअप मित्र और उद्यमीमित्र पोर्टल
(www.udyamimitra.in और www.standupmitra.in)

- सिडबी ने 2016 में स्टैंडअप इंडिया पोर्टल और उद्यमीमित्र पोर्टल विकसित किए। ये पोर्टल भारत सरकार के स्टैंडअप इंडिया कार्यक्रम के शुभारंभ के लिए विकसित किए गए थे।

- उद्यमीमित्र पोर्टल के माध्यम से सिडबी भारत सरकार के विभिन्न मंत्रालयों की ऋण/एमएसएमई से जुड़ी कई योजनाओं का डिजिटल कार्यान्वयन निष्पादित करने में सक्षम हो सका। प्लग-एन-प्ले मॉडल से इस प्लेटफार्म पर विभिन्न योजनाओं को जोड़ने (ऑनबोर्ड करने) में लगने वाला समय काफी कम हुआ है और इससे कार्यक्रमों के कार्यान्वयन में बहुत अधिक दक्षता आई है।

- उद्यमीमित्र पोर्टल का पार्श्व (बैकएंड) में उपयोग करते हुए, सिडबी ने प्रत्येक मंत्रालय स्तरीय कार्यक्रम के लिए अलग-अलग मुखपृष्ठीय (फ्रंट फेसिंग) पोर्टल बनाए हैं, जो उन्हें उचित ब्रांडिंग और उनके पारितंत्र के साथ जोड़ते हैं। इस प्रकार, पार्श्व (बैकएंड) में सभी योजनाओं के पोर्टल उद्यमीमित्र के साथ निर्बाध रूप से एकीकृत हैं। इस दृष्टिकोण के परिणामस्वरूप उद्यमीमित्र प्लेटफ़ॉर्म सिडबी के लिए एक शक्तिशाली आस्ति के रूप में उभरा है। पोर्टल से जुड़े विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी नीचे दी जा रही हैं :

Name of Program	Name of Ministry	Program portal
स्टैंड उप इंडिया	वित्तीय सेवा विभाग - वित्त मंत्रालय	https://standupmitra.in/
राष्ट्रीय पशुधन मिशन	पशुपालन और डेयरी विभाग - मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय	https://nlm.udyamimitra.in/
पशुपालन इंफ्रास्ट्रक्चर विकास कोष	पशुपालन और डेयरी विभाग - मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय	https://ahidf.udyamimitra.in/
फार्मा के लिए उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन योजना (PLI)	औषध विभाग, रसायन और उर्वरक मंत्रालय	https://pli-pharma.udyamimitra.in/
दूरसंचार के लिए उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन योजना(PLI)	दूरसंचार विभाग, संचार मंत्रालय	https://pli-telecom.udyamimitra.in/
पीएम स्वनिधि	आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय	www.pmsvanidhi.mohua.gov.in
फार्मास्युटिकल उद्योग का सुदृढ़ीकरण	फार्मास्यूटिकल्स विभाग	https://spi.udyamimitra.in/

B. "59 मिनट में पीएसबी ऋण" प्लेटफ़ॉर्म (www.psbloansin59minutes.com)

- सिडबी ने ऑनलाइन पीएसबी लोन्स लिमिटेड ("**पीएसबी लोन इन 59 मिनट्स**" पोर्टल) का प्रवर्तन करने के लिए ऋणदाताओं के समूह (कंसोर्टियम) का नेतृत्व किया है। इसका लक्ष्य भारत सरकार के ईएएसई कार्यक्रम से उपजी संपर्क-रहित ऋण प्लेटफॉर्म की अवधारणा को मूर्त रूप देना था। यह प्लेटफ़ॉर्म एमएसएमई को ऋण प्रदान करने में एक महत्वपूर्ण डिजिटल साधन बन गया है और इससे एक उभरते और विस्तार करने वाले डिजिटल परिदृश्य के अनुरूप नए साधन विकसित होने की संभावनाएँ बनी हैं।

C. जीएसटी सहाय परियोजना

- सिडबी ने ऑनलाइन पीएसबी लोन्स लिमिटेड (ओपीएल) और इंडियन सॉफ्टवेयर प्रोडक्ट्स इंडस्ट्री राउंड टेबल (आईएसपीआईआरटी) के सहयोग से सिडबी जीएसटी सहाय ऐप बनाया है, जो एक बीजक आधारित वित्तीयन एप्लिकेशन है। यह ऐप बनाने का उद्देश्य एमएसएमई के छोटी राशि

वाले ऋणों के लिए पूर्णत: कागज-रहित, व्यक्तिगत उपस्थिति विहीन, संपार्श्विक-मुक्त, नक़दी-प्रवाह पर आधारित और सीधे-सुगम वित्तीयन का प्रावधान करना है।

- इस ऐप का परीक्षण 'एमएसएमई उधार' विषय पर भा.रि.बैंक के विनियामक साँचे (सैंडबॉक्स) के अंतर्गत तीसरे समूह (सैंडबॉक्स कोहार्ट) के अंतर्गत सिडबी के मौजूदा ग्राहकों के साथ किया जा रहा है।

D. एमएसएमई औपचारीकरण परियोजना

सिडबी, एमएसएमई मंत्रालय के सहयोग से उन अनौपचारिक सूक्ष्म उद्यमों (आईएमई) के औपचारीकरण की परियोजना पर काम कर रहा है, जो एमएसएमई जगत का सबसे बड़ा हिस्सा हैं। इस परियोजना का लक्ष्य उन आईएमई का पंजीकरण करने के लिए एक उद्यम सहायता मंच (यूएपी) तैयार करना है, जिनके पास एमएसएमई मंत्रालय के उद्यम पोर्टल के मौजूदा उद्यम पंजीकरण की अपेक्षाएँ पूरी करने के लिए औपचारिक वैधता प्रमाण /सत्यापन नहीं हैं। परियोजना का उद्देश्य पहले चरण में आईएमई का पंजीकरण कर उनका औपचारीकरण आरंभ करना है।

E. "डिजिटल वाणिज्य के लिए ओपन नेटवर्क" (ओएनडीसी)

- 'ओपन नेटवर्क फॉर डिजिटल कॉमर्स' (ओएनडीसी) भारत सरकार के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय (एमओसीआई) के उद्योग तथा आंतरिक व्यापार संवर्द्धन विभाग (डीपीआईआईटी) की एक पहल है, जिसे डिजिटल या इलेक्ट्रॉनिक नेटवर्क पर वस्तुओं और सेवाओं के आदान-प्रदान के सभी पहलुओं के लिए खुले नेटवर्क को बढ़ावा देने के लिए बनाया गया है। ओएनडीसी खुली स्रोत (ओपन-सोर्स्ड) पद्धति पर आधारित होगी, जिसका लक्ष्य डिजिटल वाणिज्य को लोकतांत्रिक स्वरूप प्रदान करना और उसे मंच-केंद्रित मॉडल से खुले नेटवर्क-आधारित दृष्टिकोण में परिवर्तित करना है। सिडबी ओएनडीसी में एक शेयरधारक है और उसने हाल ही में ओएनडीसी के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं, ताकि डिजिटल वाणिज्य तक पहुँचने में एमएसएमई और उद्यम-समूहों की मदद की जा सके।

F. नया एमएसएमई स्कोर

- सिबिल और ऑनलाइन पीएसबी लोन्स लिमिटेड के सहयोग से, एमएसएमई के लिए एक वित्तीय आय और व्यापार डेटा आधारित क्रेडिट स्कोरिंग तंत्र (एफ़आईटी स्कोर) विकसित किया जा रहा है।

****

Digital Enablers to MSMEs

- SIDBI has been deploying digital solutions to power several MSME ecosystem solutions. Given below are some of the various ecosystem digital initiatives undertaken by the bank.



A. Stand Up Mitra & Udyamimitra Portals
(www.udyamimitra.in and www.standupmitra.in)

- SIDBI developed the Standup India portal and Udyamimitra portal in 2016 for the launch of GoI's flagship program of Standup India.
- Udyamimitra portal enabled SIDBI to execute digital implementation of several credit/ MSME linked schemes under different ministries of Government of India. The plug-n-play model ensured a very low turnaround time for onboarding the various schemes on the platform with significant efficiency in program implementation.
- Using the Udyamimitra portal at the backend, SIDBI has created separate front facing portals for each ministerial program providing them the due branding and respective ecosystem onboarding. Thus, all the scheme portals are seamlessly integrated with Udyamimitra at backend. The approach has resulted in emergence of Udyamimitra platform as a powerful asset for SIDBI. The various program portals connected are mentioned below:

Name of Program	Name of Ministry	Program portal
Stand Up India	Department of Financial Services - Ministry of Finance	https://standupmitra.in/
National Livestock Mission	Department of Animal Husbandry & Dairying - Ministry of Fisheries, Animal Husbandry & Dairying	https://nlm.udyamimitra.in/
Animal Husbandry Infrastructure Development Fund	Department of Animal Husbandry & Dairying - Ministry of Fisheries, Animal Husbandry & Dairying	https://ahidf.udyamimitra.in/
Production Linked Incentive (PLI) Scheme for Pharma	Department of Pharmaceuticals, Ministry of Chemicals and Fertilizers	https://pli-pharma.udyamimitra.in/
Production Linked Incentive (PLI) Scheme for Telecommunications	Department of Telecommunications, Ministry of Communications	https://pli-telecom.udyamimitra.in/
PM SVANidhi	Ministry of Housing and Urban Affairs	www.pmsvanidhi.mohua.gov.in
Strengthening of Pharmaceutical Industry	Department of Pharmaceuticals	https://spi.udyamimitra.in/

B. "PSB Loans in 59 Minutes" Platform (www.psbloansin59minutes.com)

- SIDBI has led a consortium of lenders to promote Online PSB Loans Limited ("**PSB Loans in 59 Minutes**" portal) to achieve the concept of a contactless credit platform coming out of EASE program of GoI. The platform has become a significant digital intervention in providing credit to MSMEs with scope for new

interventions in line with an evolving and expanding digital landscape.

C. GST Sahay Project

- SIDBI in association with Online PSB Loans Ltd. (OPL) and Indian Software Products Industry Round Table (iSPIRT), has built SIDBI GST Sahay App, an Invoice based Financing application, to enable the provision of completely paperless, presence less, collateral free, cashflow based and straight through financing to MSMEs for small ticket loans.
- This App is being tested with existing customers of SIDBI under RBI Regulatory Sandbox Cohort 3 on the theme of 'MSME Lending'.

D. MSME Formalisation project

SIDBI, in association with M/o MSME, is working on a project for formalization of Informal Micro Enterprises (IMEs), majority of which form the MSME universe. The project aims to create an Udyam Assist Platform (UAP) for registering IMEs which do not have the formal validations required by existing Udyam Registration on M/o MSME's Udyam portal. The project aims to kickstart formalisation of IMEs through their registration as a first step.

E. "Open Network for Digital Commerce" (ONDC)

- 'Open Network for Digital Commerce' (ONDC) is an initiative of the Department for Promotion of Industry and Internal Trade (DPIIT), Ministry of Commerce & Industry (MoCI), GoI to promote open networks for all aspects of exchange of goods and services over digital or electronic networks. ONDC is to be based on open-sourced methodology that aims to democratize digital commerce, moving it from a platform-centric model to an open network-based approach.

  SIDBI is a shareholder in ONDC and has recently signed an MoU with ONDC to help MSMEs and enterprise collectives access digital commerce.

F. New MSME Score

- A Financial Income and Trade data based credit scoring mechanism (FIT Score) for MSME is being developed in association with CIBIL and Online PSB Loans Ltd.

****